वर्षः 15 - अंक : 09, मुंबई, मंगलवार, 22 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







## जीशान सिद्दीकी को मिली जान से मारने की धमकी

### एफआईआर दर्ज-अत्याधुनिक हथियारों से लैस पुलिस तैनात...

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व विधायक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता जीशान सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है। शिकायत के बाद बांद्रा पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली। मामले में आगे की जांच की जा रही है। साथ ही उनके घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। जीशान सिद्दीकी ने धमकी को लेकर दावा किया कि धमकी भरे ई-मेल में कहा गया है कि अगर उन्होंने डी-कंपनी का सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को 10 करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनके पिता बाबा सिद्दीकी की तरह उसकी भी हत्या कर दी जाएगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



बिल्डिंग के बाहर एसआरपीएफ के कुल 10 पुलिस वाले और इमारत के अंदर स्पेशल आर्म्स के साथ 8 कमांडो प्लस 6 पुलिस वाले तैनात किए गए हैं। 2 शिफ्ट में ये पुलिस सुरक्षा होगा

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुरे फंसे महेश बाबू



### साउथ के सुपरस्टार को ईडी ने भेजा नोटिस

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** रियल एस्टेट फर्मों से जुड़े मामलों में चल रही ईडी की जांच के दौरान साउथ सुपरस्टार महेश बाबू को नोटिस जारी किया गया है। एक्टर को ईडी ने साईं सूर्या डेवलपर्स और सुराणा प्रोजेक्ट मामलों में 28 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। महेश बाबू इस मनी लॉन्ड्रिंग के केस से इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि वो दोनों कंपनियों के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम किया है। मामले की जांच में सामने आया है कि ब्रांड एंबेसडर के तौर पर उन्हें 5.9 करोड़ रुपए मिले हैं। सुराणा ग्रुप और साईं सूर्या डेवलपर्स हैदराबाद की नामी कंपनियां हैं, हाल ही में ईडी ने उनके कई ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान उन्होंने कई अहम दस्तावेज जब्त किए हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## जालना के 400 गांव में जल संकट



### पानी की तलाश में दर-दर भटक रहे लोग, जून तक हालात होंगे बदतर

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** जिले के चार सौ से अधिक गांव इस समय पीने के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। जिसके चलते इन गांव के नागरिक पानी की तलाश में दर-दर भटकने लगे हैं। स्थानीय प्रशासन ने इस अनुमान के आधार पर योजना बनाई है कि आगामी जून तक जल संकट से जूझ रहे गांवों की संख्या बढ़कर 773 हो जाएगी। संबंधित प्रशासनिक निकाय ने यह मानकर योजना तैयार की थी कि जनवरी से मार्च के बीच जल संकट वाले गांवों की संख्या बढ़कर 387 हो जाएगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## उद्धव-राज आएंगे साथ तो महायुति का खत्म होगा राज!

### मनसे शिवसेना के ट्रैक रिकॉर्ड से टेंशन में फडणवीस-शिंदे

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महेश मांजरेकर के यू ट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में राज ने कहा था कि महाराष्ट्र और राज्य की मराठी जनता के लिए मैं उद्धव के साथ अपने छोटे मोटे झगड़े भुलाने को तैयार हूं। इस पर उद्धव ने भी सकारात्मक प्रतिसाद दिए थे। लेकिन उन्होंने पहले राज के समक्ष शर्त रखी थी कि राज को मुख्य फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकातें बंद करनी होगी। लेकिन बाद में पार्टी के प्रवक्ता संजय राउत ने साफ कर दिया था कि कोई शर्त नहीं रखी है। राज ठाकरे के ऑफर के बाद महाराष्ट्र में सियासत गरमा गई है। इसके बाद अब महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### एमवीए राज ठाकरे को स्वीकार नहीं करेगा

ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि महाविकास अघाड़ी के शरद पवार और कांग्रेस राज ठाकरे को अपने गठबंधन में शामिल नहीं करेंगे। ऐसे में अगर फिर भी उद्धव ठाकरे राज ठाकरे के साथ जाते है तो उन्हें महाविकास अघाड़ी का साथ छोड़ना पड़ेगा और राज ठाकरे के साथ अलग गठबंधन बनाना पड़ेगा। इस टूट का एमवीए में बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि, नए गठबंधन और राज ठाकरे के साथ मिलने से शिवसेना यूबीटी की महाराष्ट्र में ताकत बढ़ना तय है।

## हमारी बात

### हिंदी पर कदम पीछे?

**इन हाल के वर्षों में ऐसा क्या बदल गया है? राजनीतिक नेतृत्व- खासकर केंद्र में सत्ताधारी दल को इस पर आत्म-निरीक्षण करना चाहिए? संकेत साफ है। हिंदी को राजनीति का औजार बनाने से इस भाषा का नुकसान ही हो रहा है।**

महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य बनाने के बाद इसकी अनिवार्यता ना होने संबंधी अब दिए गए मुख्यमंत्री के बयान का सीधा मतलब इस मुद्दे पर कदम वापसी है। नई शिक्षा नीति के प्रावधान के मुताबिक इस बारे में राज्य सरकार के फैसले पर राज्य में व्यापक विरोध भड़का। लगभग सभी राजनीतिक दलों के अंदर से इसके खिलाफ आवाज उठी। एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम में वर्षों से सियासी तौर पर बिछड़े ठाकरे बंधुओं– उद्धव और राज– ने मराठी की रक्षा के लिए अपने मतभेद भुला देने का इरादा दिखाया। शिक्षा क्षेत्र से कई संगठनों ने, जिनमें शिक्षकों की यूनियनें भी शामिल हैं, कहा कि महाराष्ट्र में ये फैसला तभी लागू होगा, जब पहले उत्तरी राज्य अपने यहां मराठी भाषा पढ़ाएं। राज्य सरकार के मराठी भाषा विभाग ने भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से कक्षा एक से पांच तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य करने के निर्णय को वापस लेने की गुजारिश कर दी। इसके बाद फड़णवीस ने सफाई दी है कि राज्य में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य नहीं की गई है, इसे सिर्फ वे छात्र पढ़ेंगे, जो पढ़ना चाहेंगे। गौरतलब है कि यह सब महाराष्ट्र में हुआ है। दक्षिणी राज्यों– खासकर तमिलनाडु में तो हिंदी विरोध की पुरानी रवायत रही है। अब महाराष्ट्र में भी इस भाषा को लेकर ऐसा माहौल बना, तो यह संकेत है कि भावनात्मक मुद्दों पर आगे बढ़ रही सियासत देश को किस मुकाम तक ले गई है। मराठी और हिंदी में लिपि का ज्यादा फर्क नहीं है। दोनों भाषाएं मामूली अंतर के साथ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं। मुंबई को हिंदी फिल्म उद्योग की राजधानी कहा जाता है। इस पृष्ठभूमि के कारण महाराष्ट्र में कभी हिंदी विरोध इस स्तर पर हुआ हो, इसकी शायद ही कोई मिसाल होगी। मगर अब माहौल में साफ बदलाव दिखा है। आखिर इन हाल के वर्षों में ऐसा क्या बदल गया है? देश के राजनीतिक नेतृत्व– खासकर केंद्र में सत्ताधारी दल को इस पर अवश्य आत्म–निरीक्षण करना चाहिए? संकेत साफ है। हिंदी को राजनीतिक परियोजना का औजार बनाने से इस भाषा का नुकसान ही हो रहा है।

# कोविड के बाद अचानक मौतें, आखिर वजह क्या?

**पिछले हफ़्ते क्रिकेट खेलते एक युवा की अचानक मौत हो गई। अपने विदाई समारोह में कॉलेज में भाषण देते-देते एक 20 वर्ष की महिला अचानक मर गई। रामलीला में मंच पर हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार की अचानक मंच पर ही मृत्यु हो गई। अपने विवाह में पति के गले में जयमाला डालते-डालते नववधू मर कर गिर गई। कोविड के बाद से पूरे देश में ऐसी मौतों की बाढ़ सी आ गई है। जिन जागरूक डॉक्टर, वकील और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कोविशील्ड वैक्सीन की क्षमता पर संदेह किया था**

**बिना** किसी बीमारी या चेतावनी के लगातार अचानक युवाओं की मृत्यु क्यों हो रही है? क्या ये कोविशील्ड के वैक्सीनेशन का दुष्परिणाम है? क्योंकि कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने सर्वोच्च अदालत में अब यह स्वीकार कर लिया है कि उनके इस वैक्सीन से खून के थक्के जमने की संभावना होती है। पिछले हफ़्ते क्रिकेट खेलते एक युवा की अचानक मौत हो गई। अपने विदाई समारोह में कॉलेज में भाषण देते-देते एक 20 वर्ष की महिला अचानक मर गई। रामलीला में मंच पर हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार की अचानक मंच पर ही मृत्यु हो गई। अपने विवाह में पति के गले में जयमाल डालते-डालते नववधू मर कर गिर गई। कोविड के बाद से पूरे देश में ऐसी मौतों की बाढ़ सी आ गई है। जिन जागरूक डॉक्टर, वकील और सामाजिक कार्यकताओं ने कोविशील्ड वैक्सीन की क्षमता पर संदेह किया था और ये आरोप लगाया था कि बिना सही परीक्षण किए, जल्दबाजी में, प्रशासनिक दबाव बना कर जिस तरह पूरे देश में कोविशील्ड का टीकाकरण किया गया इससे लोगों की जान को भारी खतरा पैदा हो गया। मुंबई उच्च न्यायालय के वकील निलेश ओझा ने कोविशील्ड कंपनी और भारत सरकार के विरुद्ध मुंबई उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जनहित के मुकदमे करके वैक्सीन बनाने वाली कंपनी पर दबाव बनाया जिसके चलते इस कंपनी ने अपने वैक्सीन के दुष्परिणामों की संभावनाओं को अदालत में स्वीकार किया। इससे यह सिद्ध हो गया कि ये वैक्सीन बिना परीक्षण पूरा किए ही जल्दबाजी में पूरे देश पर थोप दिया गया। इन लोगों को और देश के तमाम जागरूक लोगों को इस बात से भारी नाराजगी है कि भारत की मौजूदा सरकार, ऐसी अचानक हो रही मौतों की न तो संख्या जारी कर रही है और न ही उसके कारणों की जांच करवा रही है। यह बहुत चिंता की बात है। इसी समूह से जुड़ी डॉ सुसन राज जो मध्य प्रदेश के राजनन्दगांव ज़िले में रहती हैं, उनका दावा है कि सारी मौतें कोविशील्ड वैक्सीन के कारण ही हो रही हैं। डॉ सुसन राज हर उस व्यक्ति को, जिसने ये टीका लगवाया था, चेतावनी दे रही हैं कि वे यथा शीघ्र अपने शरीर को डिटॉक्स (विषमुक्त) कर लें जिससे कोविशील्ड वैक्सीन के संभावित दुष्परिणामों से बचा जा सके। डिटॉक्स करने की ट्रेनिंग वो जूम कॉल पर दुनिया भर के हजारो लोगों को दे चुकी हैं। उनकी यह प्रक्रिया इतनी सरल है कि कोई भी व्यक्ति देश-दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न बैठा हो वो डॉ सुसन राज से जूम कॉल पर खुद को विषमुक्त करने का तरीका सीख सकता है। ये तकनीक बहुत सरल है और घर बैठे अपना ट्रीटमेंट किया जा सकता है। एक रोचक तथ्य यह है कि हमारे आपके सामाजिक दायरे में जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन नहीं लगवाई थी वे आज भले चंगे हैं। जिन्होंने लगवाई थी उनमें से बहुत सारे लोगों को अजीबो-गरीब बीमारियां शुरू हो गई हैं। मेरे ही परिवार में मुझ समेत कई लोगों को ऐसी बीमारियां हो गई हैं जिनका कोई कारण समझ में नहीं आता। क्योंकि हम सब एक संतुलित शाकाहारी सात्विक जीवन जीते हैं। हालांकि एक पक्ष ऐसा भी है जो मानता है कि इन मौतों और बीमारियों का वैक्सीन से कोई लेना-देना नहीं है। पर ये पक्ष इन मौतों और अचानक पनप रही इन बीमारियों का कारण बताने में असमर्थ हैं। इसलिए डॉ सुसन सबको सलाह देती हैं कि वे अपने शरीर को वैक्सीन के विष से मुक्त कर लें और स्वस्थ जीवन जियें। डॉ सुसन के अनुसार हमारी कोशिकाएँ सात तरीकों से खुद को डिटॉक्स करती हैं। पाँच रासायनिक डिटॉक्स हैं, एक यांत्रिक डिटॉक्स है और एक विद्युत डिटॉक्स है। ऑक्सीकरण और जलयोजन पाँच रासायनिक डिटॉक्स में से दो हैं, जिनका उपयोग कोशिकाएँ करती हैं। आमतौर पर यह साँस लेने, जूस और पानी के द्वारा किया जाता है। इन दो कार्यों का समर्थन करने के लिए, हम क्या कर सकते हैं, एक घोल तैयार करें क्लोराइड के एक अणु के साथ बंधते हैं, और इसे पानी में घोलते हैं। यह ऑक्सीजन युक्त पानी बन जाता है, जो ऑक्सीकरण द्वारा बहुत कुशल डिटॉक्स करता है। एंटीऑक्सीडेंट भोजन, जड़ी-बूटियाँ और तेल हैं जिनमें प्रोटीन, विटामिन, खनिज, कार्ब्स और वसा होते हैं। ये वस्तुएँ कोशिका संरचना का निर्माण करके डिटॉक्स करती हैं। एंडोक्राइन स्त्राव को मन की शक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाता है जो विचारों में परिवर्तित होने वाली सूचनाओं और फिर सकारात्मक भावनाओं से जुड़कर अच्छा महसूस कराने वाले न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन करके बनाया जाता है, जो 90% बीमारियों को ठीक कर सकता है। ऑटोफैगी स्वयं खाने का उपयोग करके डिटॉक्स करता है। यह उपवास में होता है। यहाँ वह डिटॉक्स है जिसे एकीकृत सेलुलर डिटॉक्स थेरेपी में जोड़ा जाता है।



गौरतलब है कि आज कल के आधुनिक जीवन की भागदौड़ में हमारा मन और शरीर अक्सर तनाव, नकारात्मकता और अनावश्यक बोझ से भर जाता है। सेल्फ डिटॉक्स एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से शुद्ध करने में मदद करती है। यह न केवल हमें तरोताजा करती है, बल्कि जीवन में स्पष्टता और संतुलन भी लाती है। सेल्फ डिटॉक्स की शुरूआत शरीर से होनी चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन और नियमित व्यायाम जरूरी है। जंक फूड, शराब और कैफीन से दूरी बनाकर शरीर को हल्का और ऊर्जावान बनाया जा सकता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां और साबुत अनाज शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। योग और प्राणायाम भी शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। हमारा दिमाग सोशल मीडिया, नकारात्मक खबरों और अनावश्यक विचारों से भरा रहता है। मानसिक डिटॉक्स के लिए ध्यान और माइंडफुलनेस का अभ्यास प्रभावी है। रोजाना कुछ समय शांत बैठकर अपने विचारों को व्यवस्थित करें। अनावश्यक जानकारी से दूरी बनाएं और सकारात्मक किताबें पढ़ें। डिजिटल डिटॉक्स, यानी फोन और इंटरनेट से ब्रेक लेना, भी मानसिक शांति देता है। नकारात्मक भावनाएं जैसे गुस्सा, ईर्ष्या या दुख हमें कमजोर बनाती हैं। इनसे मुक्ति के लिए आत्म-चिंतन उपयोगी हैं। अपनी भावनाओं को स्वीकार करें और उन्हें व्यक्त करने का स्वस्थ तरीका ढूंढें। अपनों के साथ समय बिताएं और कृतज्ञता का अभ्यास करें। इन तमाम तरीकों से हम अपने शरीर से कोविशील्ड वैक्सीन के कारण उत्पन्न विष को निकाल सकते हैं और इसके संभावित दुष्परिणामों से बच सकते हैं। डॉ सुसन राज हों या समाज के अन्य जागरूक लोग, हमें ऐसा करने की सलाह दे रहे हैं। हम माने या न मानें ये हम ओर निर्भर है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दुष्कर्म उजागर होने के डर से 16 वर्षीय शोएब की हत्या, फरार मौलाना गिरफ्तार

**मुंबई।** ठाणे पुलिस आयुक्त क्षेत्र में भिवंडी में पांच साल पहले हुए नाबालिग 16वर्षीय शोएब रशीद शेख की निर्मम हत्या कर लाश को दुकान में दफनाने के बाद अब तक फरार चल रहे मौलाना गुलाब उर्फ गुलाम रबानी शेख को ठाणे पुलिस ने उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। ठाणे पुलिस उप आयुक्त अमरसिंह जाधव ने बताया कि 20 नवंबर 2020 को 16 वर्षीय शोएब रशीद शेख के गुमशुदा होने की रिपोर्ट भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में लिखाई गई थी,इस मामले में आईपीसी 377के तहत फरार आरोपी मौलाना गुलाब रबानी उर्फ गुलाब के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था और इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पत्रकारों से बात करते हुए ठाणे पुलिस उप आयुक्त अमरसिंह जाधव ने बताया कि पुलिस नायक सचिन कोली को आरोपी मौलाना गुलाम रबानी के उत्तराखंड में रुड़की में छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद ठाणे पुलिस ने उत्तराखंड से मासूम शोयब शेख रशीद की हत्या के मामले में उसे गिरफ्तार कर 19 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि आरोपी मौलाना गुलाम रबानी शेख के 16 वर्षीय नाबालिग शोएब रशीद शेख से नायजाज संबंध थे, इसलिए उसे रास्ते से हटाने के लिए उसने 16 वर्षीय शोएब रशीद शेख को कत्ल किया गया था। शोएब की हत्या करने के बाद आरोपी मौलाना गुलाम रबानी ने शव के कुछ हिस्से कचरे के ढेर में और कुछ हिस्से किराना को दुकान की टाइल्स के नीचे दफना दिए थे। पुलिस का कहना है कि आरोपी मौलाना गुलाम रबानी के और भी किसी के साथ नाजायज संबंध उन्हें छिपाने के लिए भी शोएब की हत्या की गई। ठाणे पुलिस उप आयुक्त अमरसिंह ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी गुलाम रबानी शेख पर दो मामले दर्ज किए गए हैं।



# 13 वर्षीय नाबालिक ने 7 वर्षीय मासूम बहन को उतारा मौत के घाट

**नालासोपारा।** संतोष भुवन स्थित वालाई पाडा से 17 अप्रेल को एक दिल दहलाने वाली घटना सामने. जहां एक कमरे में एक 7 वर्षीय बच्ची का खून से लथपथ शव पाया गया घटना की जानकारी पर पेल्हार पुलिस ने मौका ए वारदात पर पहुंच के शव का पंचनामा किया और जांच शुरू कर दी वहीं शव को शव विच्छेदन (पोस्टमार्टम) हेतु सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया मे 20 से 22 घंटे का समय निकल गया। पोस्टमार्टम मे हुई देरी के लिए मनपा कर्मियों ने पेल्हार पुलिस को जिम्मेदार ठहराया। इस मामले में शुरूआत से ही बच्ची का पिता मिथुन शर्मा अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने में कोई अधिक रुचि नही दिखा रहा था साथ ही साथ उनका 13 साल का बेटा मृतका का भाई भी बच्ची के मौत का कुछ अलग ही कारण बता रहा था। बच्ची के पिता द्वारा पुलिस को बताया गया की वह और उसकी पत्नी काम के लिए घर से बाहर गए थे तब हादसे वश बच्ची की गिरने से मौत हो गई बच्ची के पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज कर जाँच



पड़ताल शुरू की लेकिन जैसा की कहा जाता है अपराध कभी छिपाये छिप नहीं सकता पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने पुलिस को सोंपी प्रथम रिपोर्ट मे अनुमान जताया की बच्ची पर किसी धारदार हत्यार से हमला कर बच्ची का खून किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे मर्डर की पुष्टि होने पर पुलिस ने एक बार फिर परिजनों से पूछताछ की और जब पुलिस का शक गहराया तब पुलिस ने मृतका के 13 वर्षीय नाबालिक भाई से अपने अंदाज मे पूछताछ की तभी मृतका के भाई ने कबूल किया की उस दिन दोपहर के समय घर मे साथ खाना खाने के लिए अपनी छोटी बहन को बुलाया तब वह नहीं आई और दोनों भाई बहन मे झगड़ा हो गया दोनों एक दूसरे को गाली देने लगे भाई को इसी बात पर अधिक गुस्सा आया और उसने घर में रखी कपड़े काटने की कैंची लेकर नन्ही बहन पर हमला कर दिया भाई के इस हमले मे बहन को गंभीर चोट आई और बहन लहू लुहान होकर मौत की आगोश मे समा गई बहन को मृत देख कर भाई वहा से निकल कर चला गया और थोड़ी देर बाद वापस लौट कर आया और बहन को किसी ने मार दिया ऐसा नाटक करने लगा। पेल्हार पुलिस द्वारा प्राथमिक जानकारी पर अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किये जाने के बाद मामले की जाँच केंद्रीय अपराध शाखा के प्रमुख वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश कुराडे के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उस टीम को सोंपी गई थी। केंद्रीय अपराध शाखा की टीम ने कर मासूम बच्ची के हत्यारे उसी के नाबालिक भाई को हिरासत में लेकर मामले का जल्द खुलासा कर दिया। मिडिया को इस पुरे प्रकरण की जानकारी सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाह ने दी।

# सिरफिरे युवक ने तलवार से किया बेस्ट बस पर हमला

**मुंबई।** भांडुप में एक सिरफिरे युवक ने दिन-दहाड़े तलवार लहरा कर दहशत फैलाने की कोशिश की। उसने बेस्ट बस व ऑटो-रिक्शा पर हमला किया और शीशे तोड़ दिए। भांडुप पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक तलवार लेकर सड़क पर दौड़ रहा था। उसने एक बेस्ट बस और एक रिक्शा पर हमला किया। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए भय का माहौल बन गया। युवक ने सड़क पर बेस्ट बस की खिड़की और आगे के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद उसने ऑटो रिक्शा व वाटर टैंकर पर भी तलवार से हमला कर दिया। घटना के दौरान बेस्ट बस और यात्रियों में दहशत फैल गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सौभाग्य से इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन बस और रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बेस्ट बस को 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मित चंडालिया (16) को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले गई। भांडुप पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्तात्रय खंडागले के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### जीशान सिद्दीकी को मिली जान से मारने की धमकी

महाराष्ट्र के दिग्गज नेताओं में गिने जाने वाले बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से उनके बेटे जीशान की सुरक्षा बढ़ाई गई थी, लेकिन अब नई धमकी के बाद उनकी सुरक्षा और पुख्ता कर दी गई। बांद्रा वेस्ट स्थित जीशान के घर के बाहर अत्याधुनिक हथियारों से लैश पुलिस बल तैनात किया गया है। बांद्रा वेस्ट टर्नर रोड के बिल्डिंग के बाहर एसआरपीएफ के कुल 10 पुलिस वाले और इमारत के अंदर स्पेशल आर्म्स के साथ 8 कमांडो प्लस 6 पुलिस वाले तैनात किए गए हैं। 2 शिफ्ट में ये पुलिस सुरक्षा होगा। इसके अलावा 2 पुलिस वैन भी जीशान के कोनवाय में लगाई गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने का कहना है कि धमकी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जान से मारने की धमकी और जबरन वसूली की मांग के मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही जीशान सिद्दीकी का बयान भी दर्ज कराया जाएगा।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुरे फंसे महेश बाबू

हालांकि, इन दोनों कंपनियों में से साईं सूर्या डेवेलपर्स पहले से ही धोखाधड़ी के मामले में फंसा है। साईं सूर्या डेवलपर्स के मालिक सतीश चंद्र गुप्ता हैदराबाद के जाने-माने रियल एस्टेट बिजनेसमैन हैं। उनके खिलाफ साईं सूर्या कंपनी के ग्रीन मीडोज नाम का एक प्रोजेक्ट के इन्वेस्टर को धोखा देने का मामला दर्ज है। ग्रीन मीडोज प्रोजेक्ट के लिए महेश बाबू को कंपनी ने ब्रांड एंबेसडर बनाया था। इसके लिए एक्टर को 5.9 करोड़ रुपए मिले हैं। 123 तेलुगू की रिपोर्ट के मुताबिक, इन पैसों में से 3.4 करोड़ रुपए चेक के जरिए और 2.5 करोड़ रुपए कैस के तौर पर एक्टर को मिला है। इस मामले में ईडी की जांच मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। तेलंगाना पुलिस की दर्ज की गई ये एफआईआर अनऑथराइज्ड लेआउट्स के प्लॉट्स को कई बार बेचने और फेक रजिस्ट्रेशन की गारंटी देने को लेकर किया गया है। महेश बाबू को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने से लोगों का भरोसा बढ़ाया गया है, जिससे की ज्यादा से ज्यादा लोगों ने इस प्रोजेक्ट में प्लॉट खरीदने की दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, उन सभी आम लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है। हालांकि, ये कभी भी स्पष्ट नहीं है कि इस धोखाधड़ी के मामले में महेश बाबू किसी भी तरह से इन्वाल्व हैं। लेकिन, उनका नाम इसलिए सामने आया है क्योंकि ऑफिशियल दावा किया गया है कि 100 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है।

### जालना के 400 गांव में जल संकट

अब अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में जिले के 400 से अधिक गांव और 35 बस्तियां पानी की कमी से जूझ रही हैं। जिले के आठ तालुकाओं में से पानी की कमी वाले सबसे अधिक गांव जालना तालुका में हैं। संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों ने संभावना जताई है कि जालना तालुका के 234 गांवों को जून महीने तक पेयजल समस्या का सामना करना पड़ेगा। वरिष्ठ भूगर्भशास्त्रियों की एक रिपोर्ट के अनुसार जून तक 158 गांवों में पानी की गंभीर कमी हो जाएगी। इसलिए जिला कलेक्टर श्रीकृष्ण पांचाल ने कुओं से पानी निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे जिले के इन 158 गांवों में सार्वजनिक जलापूर्ति की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिवसेना यूबीटी जिला प्रमुख भास्कर अम्बेकर ने कहा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक कर जल संकट निवारण उपायों को गंभीरता से लागू करने की मांग की गई है। ग्रामीण क्षेत्र के करीब साढ़े चार सौ गांवों में पानी की समस्या है। ऐसी स्थिति में यदि उचित योजना बनाई जाए तो जालना शहर के निवासियों को अधिक पानी मिल सकेगा।

### उद्धव-राज आएंगे साथ तो महायुति का खत्म होगा राज!

अगर दोनों भाइयों में गठबंधन होता है तो जाहिर सी बात है कि महाराष्ट्र के समीकरण में बड़ा बदलाव आएगा, जिससे सभी पार्टियों में असर दिखेगा। महाविकास अघाड़ी में अब तक एकजुटता के सुर थे। लेकिन अगर दोनों भाई साथ आते है तो एमवीए में गठबंधन टूट जाएगा। दोनों में गठबंधन इस समय हो सकता है क्योंकि महाराष्ट्र में मराठी भाषा और हिंदी भाषा में हो रहे विवाद पर दोनों पार्टियों का मत एक है। ऐसे में अगर दोनों पार्टियां मिलकर सरकार के फैसले का विरोध करती है तो सरकार के फैसले में बाधा उत्पन्न कर सकती है। जो कि महाराष्ट्र सरकार के लिए तकलीफ खड़ी कर सकती है और एमवीए को भी चोट पहुंचा सकती है। महाराष्ट्र में पार्टियों के विभाजित होने से पहले सभी पार्टियों का अपना वर्चस्व था। हालांकि, पार्टियों के विभाजित होने के बाद राज्य के प्रमुख नेताओं के वोटों में भी भारी गिरावट आ गई थी। जो कि पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के लिए भी चिंता का विषय रही। अगर अब तक के विधानसभा चुनाव के वोटों के आंकड़े प्रतिशत में देखे तो बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 में अविभाजित शिवसेना ने 16.41%, अविभाजित एनसीपी ने 16.71%, तो वहीं कांग्रेस ने 15.87% वोट हासिल किए थे।

## ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा भारत

# रक्षा उपकरण निर्यात को बढ़ावा, समझौते के तहत ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की दूसरी खेप भेजी गई फिलीपींस, 290 किमी की है रेंज

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का दूसरा बैच फिलीपींस भेजा गया है। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में भारतीय वायुसेना के विमान में भेजी गई थी, जिसमें सिविल एयरक्राफ्ट एजेंसियों से सहायता मिली थी। ये खेप दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत भेजी गई है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी।

*ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है।*

मिसाइल की सप्लाई के लिए सौदा जनवरी 2022 में किया

मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का पहला बैच अप्रैल 2024 में भेजा

### बिना रूके 6 घंटे में पहुंचाए हेवी लोड मिसाइल उपकरण



रिपोर्ट्स के अनुसार, उपकरणों के फिलीपींस के पश्चिमी हिस्से में पहुंचने तक हेवी लोड के साथ लंबी दूरी की यह उड़ान, बिना रुके करीब 6 घंटे की थी। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है और इसकी गति 2.8 मैक (लगभग 3,400 किलोमीटर, ध्वनि की गति से तीन गुना) है। ब्रह्मोस मिसाइल को सबमरीन, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।

### रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ से अधिक

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत में रक्षा उत्पादन वर्ष 2014 में 40,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्तमान में 1.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस वर्ष रक्षा उत्पादन के 1.60 लाख करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण बनाना है।

### मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत हो रहा उत्पादन

रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा जो न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है बल्कि ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत और लचीला बनाने में भी मदद कर रहा है।

### भारत विकसित देशों में शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता के उद्देश्य से जुड़ी हैं, साथ ही यह क्षमताएं 'विनिर्माण' को ग्लोबल सप्लाई शॉक से भी बचा रही हैं। भारत आज मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), सबमरीन (आईएनएस अरिहंत) और विमान वाहक जहाज (आईएनएस विक्रांत) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## 13 साल बाद भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति

# वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर देखा, विश्व शांति व एकता के संदेश को सराहा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, अपने तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया।

*वेंस का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया*

*एयरपोर्ट पर ही उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया*

### मंदिर की कलात्मक रचना से हुए प्रभावित



स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन ने सभी को मालाएं पहनाईं। मंदिर भ्रमण के दौरान वेंस ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में वेंस ने लिखा कि इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे। वे मंदिर में करीब 1 घंटे रुके। इसके बाद जेडी वेंस अपने परिवार के साथ दिल्ली के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम देखने के लिए गए। यहां पर भारतीय हस्तशिल्प के उत्पाद मिलते हैं।

### दौरे से दो देशों के बीच सम्मान बढ़ा

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

### 2167 सुरक्षा कर्मी तैनात मिलने और आसपास रहने वालों का कोरोना टेस्ट

**जयपुर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस सोमवार की रात जयपुर पहुंचे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 24 अप्रैल को सुबह करीब 6:30 बजे वे वॉशिंगटन के लिए रवाना होंगे। जयपुर में वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई हैं। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया गया है। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक, ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात हैं। इसके अलावा दौरे के दौरान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी रुकेगी, वहां फूड टेस्टिंग टीम रहेगी। खाने-पीने वाली हर चीज की पहले जांच होगी, फिर सर्व किया जाएगा। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है।

### पोप फ्रांसिस से मिले थे वेंस, बोले- उन्हें देखकर खुशी हुई थी

कैथोलिक चर्च के शीर्ष धार्मिक नेता पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत दौरे से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से इटली के वेटीकन सिटी में मुलाकात की थी। उपराष्ट्रपित जेडी वेंस ने पोप के निधन पर सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि मुझे अभी पोप फ्रांसिस के निधन के बारे में पता चला। मेरी संवेदनाएं दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के साथ हैं जो उनसे प्यार करते थे। उन्होने आगे लिखा कि कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वे जाहिर तौर पर बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वाकई बहुत खूबसूरत था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

## केंद्रीय वित्त मंत्री अमेरिका में बोलीं

# .... अब विश्व भारत की क्षमता और आर्थिक ताकत को स्वीकार कर रहा



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक सतत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता से प्रेरित होकर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा परिस्थितियों में विश्व भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन है। के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं।

### 'विकसित भारत' के लक्ष्य पर ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक ध्यान 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसमें महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में सुधार शामिल हैं। भारत 'सूर्योदय क्षेत्रों' को प्राथमिकता देता है और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में अग्रणी के रूप में खड़ा है, जो नवाचार और विकास को बढ़ावा देता है। भारतीय प्रवासी दुनिया में योगदान देने और एक उदाहरण के रूप में खड़े होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर बोले पीएम



# आप भाग्यशाली, आजादी के अमृतकाल में देश की सेवा करने का अवसर मिला

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत को विश्व गुरु के रूप स्थापित करने तक सभी की जिम्मेदारी तय कर दी। उन्होंने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए और सिविल सेवकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। यह उनका सातवां अवसर था जब उन्होंने इस समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में सिविल सेवकों को भारत के प्रशासनिक ढांचे की रीढ़ करार दिया और उनकी भूमिका को देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया।



मोदी ने कहा, "हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं।" उन्होंने लाल किले से अपने पूर्व भाषण का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत को अगले 1000 वर्षों की नींव मजबूत करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में पुरानी प्रणालियों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। 2014 से व्यवस्थागत सुधारों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है, ताकि नौकरशाही और नीति-निर्माण को और प्रभावी बनाया जाए। सिविल सेवकों से आह्वान किया कि वे नवाचार और प्रौद्योगिकी को अपनाएं, ताकि प्रशासन जन-केंद्रित और कुशल हो। मोदी ने कहा कि भारत का समग्र विकास तभी संभव है जब कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

### नागरिकों के जीवन में सुगमता लाने पर दें ध्यान

प्रधानमंत्री ने सिविल सेवकों से सामान्य नागरिकों के जीवन में सुगमता और बदलाव लाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने तीन प्रमुख लक्ष्यों की जिम्मेदारी तय करते हुए सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि सामान्य नागरिक के जीवन में बदलाव और सुगमता आए इसकी कोशिश लगातार होनी चाहिए। वैश्विक संदर्भ में नीतियां बनाने में देश की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देना है, इस बात का ध्यान सभी को रखना है।

### निफ्टी 24,000 अंक के पार

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है।'

## सेंसेक्स 855.30 अंक उछलकर 79,408.50 पर बंद

# निवेशक मालामाल ! पांच दिन में 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी संपत्ति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी से सोमवार तक निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान विदेशी कोषों की लिवाली और व्यापक तेजी से कारोबारी भावनाएं मजबूत हुईं। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत उछलकर 79,408.50 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 5,561.35 अंक या 7.53 प्रतिशत बढ़ा है।

पांच कारोबारी दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 32,03,295.8 करोड़ रुपए बढ़कर 4,25,85,629.02 करोड़ रुपए (5,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, 'बाजार में तेज शुरुआत हुई और पूरे दिन बढ़त जारी रही। सप्ताहांत में बैंकों की मजबूत आय ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसे सकारात्मक घरेलू संकेतों का लाभ भी मिला।' उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर उत्साह है, क्योंकि दिग्गज बैंकों ने सकारात्मक टिप्पणियों के साथ अनुमान से काफी बेहतर नतीजे पेश किए हैं।



### संपत्ति गुणवत्ता में सुधार

बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। बीएसई के 2,918 शेयर लाभ में जबकि 1,168 शेयर नुकसान में रहे।

### टैरिफ वॉर नुकसान की हुई पूरी भरपाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

### आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है।

# सऊदी से लौटे पति को पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर मारा, फिर शव को ट्रॉली बैग में भरकर 60 KM दूर फेंका

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में ट्रॉली बैग में मिली लाश की पहचान बैग में मिले पासपोर्ट के आधार पर 37 वर्षीय नौशाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि प्रेम में बाधक बनने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। घटना के बाद सीओ ने फौरन दबिश दी और पत्नी समेत तीन अन्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि नौशाद की पत्नी का गांव के ही रिश्ते में लगने वाले भांजे से प्रेम संबंध था। जिसकी तलाश जारी है। पत्नी ने नौशाद के सिर पर धारदार हथियार से वार करके हत्या की थी। इसके बाद शव को ट्रॉली बैग में भरकर घटनास्थल से लगभग 60 किलोमीटर दूर थाना तरकुलवा के पकड़ी पटखौली के समीप गेहूं के कट चुके खाली खेत में फेंक दिया। थाना मईल क्षेत्र के भटौली गांव निवासी नौशाद ने गांव के बाहर अपना मकान बनवाया था। जहां 9 वर्षीय बेटी, पत्नी और बूढ़े पिता अली अहमद रहते हैं।



नौशाद सऊदी अरब में नौकरी करता था और दस दिन पूर्व ही गांव लौटा था। हत्या के बाद जिस ट्रॉली बैग में शव को भरकर फेंका गया था, उसे नौशाद सऊदी से लाया था। हत्या के बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर शव को 60 किलोमीटर दूर फेंका था। ट्रॉफी में भरकर शव को फेंकने के लिए चार पहिया वाहन का इस्तेमाल किया गया था। रविवार को दिन में एक किसान गेहूं कटवाने के लिए मशीन लेकर खेत में पहुंचे थे। इस दौरान बगल के खाली खेत में उनकी नजर एक ट्रॉली बैग पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी, एडिशनल एसपी, डॉग स्क्वाएड और फॉरेंसिक टीम पहुंची और शव की शिनाख्त की कोशिश की गई। इस दौरान बैग में एक पासपोर्ट मिला। कातिलों ने शव को ठिकाने लगाने से पहले बैग को चेक नहीं किया था। ऐसे में पासपोर्ट की मदद से पुलिस ने शव की पहचान कर ली। इसके बाद तुरंत पुलिस मृतक नौशाद के गांव पहुंच गई। जहां दूसरे ट्रॉली बैग पर खून के छींटें मिले। जिसके बाद पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ में उसने गांव के ही एक युवक के बारे में बताया, जो रिश्ते में भांजा लगता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इन स्टेप को फॉलो कर चेहरे से हटाएं मेकअप

## स्किन होगी Detox

ऑफिस हो या कॉलेज गर्ल्स, हर कोई सुंदर दिखने के लिए मेकअप का लगाती हैं। जब बात पार्टी की आती है तो वहां जाने के लिए लड़कियां खूब सारा और सबसे अलग मेकअप करती हैं, ताकि सबकी नजर उन पर ही टिकी रहे। इसके लिए वह तरह-तरह के मेकअप प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल करती हैं, जिससे स्किन को कई तरह से नुकसान भी पहुंच सकता है। बहुत सी लड़कियां ऐसी भी है जो रात को बिना मेकअप रिमूव किए सो जाती है, जिससे स्किन पर रेशैज या अन्य कोई भी प्रॉबल्म हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि रात को सोने से पहले अच्छी तरह मेकअप को साफ करें। जरूरी नहीं है कि आपको मेकअप रिमूव करने के लिए मार्किट से तरह-तरह के मेकअप रिमूवर लाएं और ढेरों पैसे खर्च करें। आज हम आपको मेकअप हटाने के कुछ आसान से स्टेप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप घर बैठे आसानी से अपना मेकअप रिमूव कर सकते हैं और मेकअप से होंने वाली प्रॉबल्म से निजात पा सकती हैं।

**1. डबल क्लेनज़िंग**

पार्टी या शादी के दौरान किए हुए मेकअप को हटाने के लिए डबल क्लींजिंग का उपयोग करें। इसके लिए आप ऑयल, वॉटर बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल कर सकती हैं।



ऑयल वाला क्लेन्जर त्वचा की गहराई से सफाई करके स्किन को स्मूद और ब्राइट करता है।

**2. स्क्रब**

दूसरे स्टप में फेस स्क्रबिंग करें। 2-3 मिनट स्क्रब करने से डेड सेल्स निकल जाएंगे और मेकअप से डैमेज हुई स्कीन सॉफ्ट हो जाएंगी।

**3. स्टीम**

एक टब में गर्म पानी लें। चेहरे को भाप दें। भाप लेने से ब्लैकहेड्स निकल जाते हैं जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीक से होने लगता है। स्टीम लेने से स्कीन ग्लो करने लगेगी।

**4. फेस मास्क**

इसके बाद अपनी स्किन टोन के हिसाब से कोई भी फेस मास्क लगा सकते हैं। फेस मास्क से स्किन ड्राईनेस की समस्या खत्म होती हैं।

**5. मॉइश्चराइज**

मास्क लगाने के बाद स्कीन मॉइश्चराइज करना बहुत ही जरूरी है। विटामिन सी से भरपूर मॉइश्चराइजर लगाएं। चेहरे के साथ गर्दन पर भी मॉइश्चराइज अप्लाई करें। इस तरह मेकअप से डैमज हुई स्कीन को सॉफ्ट बनाया जा सकता है।



# सैल्फी क्वीन बनने के लिए ट्राई करें ये मेकअप टिप्स

आजकल तो हर किसी पर सैल्फी लेने का भूत सवार रहता है। लड़कियां तो सैल्फी लेने के लिए किसी भी मूमेंट और जगहें को मिस नहीं करना चाहती लेकिन हर सेल्फी खूबसूरत हो ये जरुरी नहीं। एक अच्छी सेल्फी के लिए मेकअप का सही होना भी बहुत जरूरी है। कई बार मेकअप खराब होने का असर आपकी सैल्फी पर दिखाई देता है। आज हम आपको मेकअप के कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनकी मदद से आप अपनी सैल्फी को और भी अच्छी बना सकती है। अगर आपको भी सैल्फी लेने का शौक हैं तो आप भी इन मेकअप टिप्स की मदद से खुद को खूबसूरत बना सकती है। तो आइए जानते है सैल्फी को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ मेकअप टिप्स।

**सैल्फी मेकअप टिप्स**

1. सबसे पहले चेहरे को धो कर इसे मॉइस्चराइज करें। इसके बाद चेहरे पर हल्का सा प्राइमर लगाएं। अब कंसीलर और फाउंडेशन लगा कर मेकअप का बेस दें।
2. इसके बाद ब्रलशर की मदद से गालों पर हल्का सा ब्रोंजिंग पाउडर लगा लें। सैल्फी को अच्छी बनाने के लिए आप न्यूड मेकअप टोन का इस्तेमाल कर सकती है।
3. अब आंखो को आईलाइनर, मस्कारे और शिमर का इस्तेमाल करके हाइलाइट करें। लाइनर लगाने के लिए जेल लाइनर का इस्तेमाल करें।
4. लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को साफ करके उसकी डेड स्किन निकाल दें। इसके बाद लिप प्राइमर लगाएं। अब इसके बाद न्यूड लिक्विड लिपस्टिक लगाएं।
5. इन मेकअप टिप्स से आपका चेहरा नेचुरल लगेगा और आपकी सैल्फी और भी अच्छी आएगी।

**मेकअप हटाने के लिए**

मेकअप हटाने के लिए कॉटन पर जोजोबा ऑयल की कुछ बूंदें डालें। इसके बाद चेहरे को साफ कर लें। मेकअप क्लींजिंग के लिए जोजोबा ऑयल सबसे बेस्ट हैं।

# शरीर में है आयरन की कमी तो लक्षण पहचान कर शुरू करें उपचार

मिनरल्स, विटामिन, प्रोटीन जैसे पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ बनाएं रखते हैं। इनकी कमी होने से व्यक्ति को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वैसे ही आयरन भी शरीर के लिए बेहद जरूरी है। आयरन शरीर को स्वस्थ रखने, लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और मांसपेशियो को प्रोटीन पहुंचाने का काम करता है। शरीर में इसकी मात्रा कम होने पर खून की कमी होने लगती है। इसके कारण किडनी, कैंसर, कुपोषण, विटामिन बी, एनीमिया जैसी कई समस्याएं होती हैं।। आयरन की कमी अधिकतर महिलाओं में देखने को मिलती है। पौष्टिक आहार न लेने से या किसी बीमारी के कारण आयरन की कमी बढ़ने लगती है। इसकी कमी से बचने के लिए अपनी डाइट में आयरन युक्त आहारों को शामिल करना चाहिएं। आज हम आपको आयरन के कमी के लक्षण और उसकी कमी होने पर कौन से आहार का सेवन करें इसके बारे में बताएंगे।



## तो चलिए जानते है उन लक्षणों के बारें में आयरन की कमी के लक्षण

**1. कमजोरी व थकावट महसूस होना**

थोड़ा सा काम करना, पैदल चलना या दौड़ने से ही व्यक्ति को थकावट होना आयरन की कमी के कारण हो सकता है। थकावट होने के साथ ही चक्कर आना, कमजोरी आना जैसे लक्षण भी देखाई दे सकते हैं।

**2. रंग पीला पड़ना**

शरीर में आयरन की कमी होने से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या कम हो जाती है जिससे चेहरे का रंग पीला पड़ना शुरू हो जाता है।

**3. सिरदर्द**

शरीर में आयरन की कमी होने पर खून दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है जिससे हर वक्त सिरदर्द होने लगता है।

**4. दिल की धडक्कन तेज होना**

दिल खून को शरीर के हर हिस्से तक पहुंचाने का काम करता है लेकिन जब शरीर में खुन की कमी होने लगती है तो इसका सबसे ज्यादा असर दिल पर ही पड़ता है। ऐसे में दिल की धड़कन बहुत तेज हो जाती है।

**आयरन की कमी को पूरा करने के लिए क्या खाएं**

आयरन की कमी को पूरा करने के लिए पौष्टिक आहर लें। हरी सब्जियां जैसे पालक, मेथी, गोभी, पत्तागोभी, शलजम, शंकरकंद, गुड़, अंडा, चुकंदर, सेम, मसूर, टोफू, छिलका युक्त आलू, ब्रोकली, साबुत अनाज, ब्रेड, जौ और आयरन फोटीर्फाइड अनाज आदि को डाइट में शामिल करें। इसके साथ ही बादाम, खजूर, किशमिश, अंगूर, अनार, अंजीर, खुबानी खाने से आयरन की कमी पूरी होती है।

**खून बढ़ाने के उपाय**

1. एक गिलास नींबू पानी में शहद मिलाकर पीएं। रोजाना इसका सेवन करने से कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगता है।
2. एक गिलास चुकंदर के जूस में 1 चम्मच शहद मिलकार पीएं।
3. अनार के जूस में सेंधा नमक, काली मिर्च डालकर पीने से शरीर में खून बनने लगता है।
4. रोजाना एक गिलास टमाटर का जूस पीने से भी आयरन की कमी पूरी होने लगती है।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रानी मुखर्जी पुलिस के किरदार में फिर से I दिखाएंगी दम

90 दशक की मशहूर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी अक्सर सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने अपने दमदार अभिनय से लोगों के दिलों पर खूब राज किया है। इन सबके बीच एक्ट्रेस जल्द ही मर्दानी 3 में नजर आने वाली है। यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में हैं और फैंस भी इसका इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच हाल ही में यशराज फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया। जिसमें रानी मुखर्जी का दमदार और धाकड़ अवतार में शिवानी शिवाजी रॉय का लुक देखने को मिला है। इस पोस्ट में वह हाथ में पिस्तौल थामे काफी कमाल लग रही हैं। दरअसल, फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने बताया कि फिल्म अगले साल होली के मौके पर रिलीज होगी। मर्दानी 3 में भी रानी मुखर्जी एक साहसी पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में आने वाली है। जो निस्वार्थ भाव से न्याय के लिए लड़ती हैं और दुश्मनों को सबक सिखाती हैं। इस पोस्टर को प्रोडक्शन हाउस ने कैप्शन में लिखा कि मर्दानी 3 की गिनती शुरू! होली पर अच्छाई बुराई से लड़ेगी क्योंकि शिवानी शिवाजी रॉय 27 फरवरी, 2026 को बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। अगले साल होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा।

# हिट फिल्मों के बाद भी नुसरत भरुचा नहीं मिल रहे अच्छे रोल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस नुसरत भरुचा को आज हर कोई जानता है। एक्ट्रेस अक्सर अपनी धमाकेदार फिल्मों को लेर सुर्खियों में छाई रहती हैं। उन्होंने प्यार का पंचनामा और सोनू के टीटू की स्वीटी, ड्रीम गर्ल और छोरी जैसी हिट फिल्मों से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। लेकिन इन दिनों एक्ट्रेस ज्यादा फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ग्लैमर के पीछे की कठोर सच्चाई के बारे में खुलकर बात की है। दरअसल, उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि सफल फिल्मोग्राफी के बावजूद अच्छे रोल्स नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही नुसरत ने भाई-भतीजावाद का भी आरोप लगाया और स्वीकार किया कि स्टार किड्स हमेशा उन जगहों तक पहुंच जाते हैं जहां मैं कभी भी नहीं पहुंच सकती हूं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि स्टार किड्स की होने की वजह से उन्हें बॉलीवुड में ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं। नुसरत ने कहा स्टार किड्स के पास एक किल्यर बेनिफिट है, क्योंकि वो या उनके परिवार पहले से ही इंस्ट्री में लोगों को जानते हैं तो उन्हें निश्चित रूप से एक फायदा मिलता है और वे इंडस्ट्री को जानते हैं, वे लोगों को जानते हैं। अगर उनको मालूम नहीं होता, तो उनके माता-पिता जानते हैं। जिसकी वजह से वो अच्छी जगह पहुंच जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे ऐसे दरवाजे खटखटा सकते हैं जिनका पता मुझे शायद पता भी न हो। अगर मैं किसी निर्देशक से मिलना चाहती हूं तो मुझे उसका नंबर कौन देगा? मैं निर्देशक का पता कहां से पूछूं? यह एक बहुत ही व्यावहारिक समस्या है लेकिन यह एक वास्तविक समस्या। इसके बाद नुसरत ने प्यार का पंचनामा के बाद एक पल को भी याद किया जब वह एक निर्देशक से संपर्क करना चाहती थीं, जिनकी वह प्रशंसा करती थीं, लेकिन उनका नंबर या पता नहीं मिल पा रहा था।



# सैफ अली खान ने कतर में खरीदा नया घर

**सैफ अली खान** पर इस समय दो मामले चल रहे हैं और हाल ही में उनकी ज्वेल थीफ नाम की फिल्म रिलीज होने वाली है। फिल्म और उन पर चल रहे मामलों को लेकर वह सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उन्होंने कतर में घर खरीद कर लोगों को चर्चा करने का एक और विषय दे दिया है। सैफ अली खान ने अपने बयान में यह कहा कि सुरक्षा के मामले को लेकर उन्हें वह घर बहुत ज्यादा पसंद आया। कतर में खरीदे गए अपने नए घर को लेकर उन्होंने कहा कि एक दीप के भीतर में द्वीप की अवधारणा बहुत ही शानदार और सुंदर है और यह रहने के लिए एक प्यारी जगह है। जब आप वहां होते हो तो आपको जो एहसास होता है वह बेहद खास होता है। वहां का नजारा और वहां की सुरक्षा बेहद खास है। मैं वहां किसी चीज की शूटिंग कर रहा था और मैं उस प्रॉपर्टी पर था मुझे वह जगह भा गई इसलिए मैंने वह घर खरीदा है। सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद जिस तरह से उन्होंने कम पर वापसी की और अभी नए घर खरीदने की खबर सुनाई है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि वह अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरूआत कर चुके हैं। उनके साथ जो घटना अतीत में हुई वह उसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।